# 1 भाषा-बोली, लिपि और व्याकरण (Language—Dialect, Script and Grammar)

## भाषा

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह भाषा के माध्यम से अपनी भावनाओं, विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान करता है। लोगों के मध्य परस्पर संपर्क का माध्यम भाषा ही है। भाषा के माध्यम से ही हम दुनिया के किसी भी हिस्से में रहने वाले लोगों और उनकी बातों को जान व समझ सकते हैं।

अतः **भाषा** वह साधन है जिसके द्‌वारा हम बोलकर, लिखकर, सुनकर अथवा पढ़कर अपने भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

**भाषा के तीन भेद होते हैं—**

1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा 3. सांकेतिक भाषा

- **मौखिक भाषा**—भाषा के जिस रूप से मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान बोलकर या सुनकर किया जाता है, उसे भाषा का **मौखिक रूप** कहते हैं। मौखिक भाषा को कथित भाषा भी कहते हैं; जैसे—
  1. चुनाव में जीतने के लिए मंत्री ने भाषण दिया।
  2. कल हमारे विद्‌यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता है।
- **लिखित भाषा**—भाषा के जिस रूप से भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान लिखकर या पढ़कर किया जाता है, उसे भाषा का **लिखित रूप** कहते हैं; जैसे—
  1. पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुत्री को पत्र लिखा।
  2. 'रामचरितमानस' तुलसीदास द्‌वारा रचित है।
- **सांकेतिक भाषा**—भाषा के जिस रूप से भावों को संकेतों के माध्यम से समझा जाता है, उसे भाषा का **सांकेतिक रूप** कहते हैं; जैसे—
  1. मुँह पर उंगली रखकर चुप रहने का इशारा करना।
  2. हाथ हिलाकर बाय करने का इशारा।

## बोली

किसी छोटे क्षेत्र में बोली जाने वाली मौखिक भाषा को **बोली** कहते हैं।

**जैसे**—ब्रज, अवधी, भोजपुरी आदि।

**भाषा और बोली में अंतर**

- भाषा एक विस्तृत क्षेत्र में बोली जाती है, जबकि बोली का क्षेत्र छोटा होता है।
- भाषा का रूप मानक होता है, लेकिन बोली का प्राय : नहीं।
- मानक भाषा का लिखित रूप होता है, जबकि बोली सामान्यत : मौखिक होती है।
- भाषा का अपना साहित्य होता है, बोली प्राय : लोक साहित्य में मिलती है।

○ **भारतीय भाषाएँ**—भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की है, ये हैं—



Scanned with CamScanner

Class - 8

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मलयालम | कोंकणी | असमिया | मैथिली | संथाली | पंजाबी | सिंधी |
| कश्मीरी | तमिल | गुजराती | डोगरी | बोडो | नेपाली | संस्कृत |
| कन्नड़ | उर्दू | मराठी | बंगला | तेलगू | उड़िया | मणिपुरी |

○ **हिंदी**—भारत में 1652 बोलियाँ प्रचलित हैं परंतु हिंदी सबसे अधिक बोली और समझी जाती है। इसलिए संविध इसे राजभाषा का दर्जा दिया है। अपने समृद्ध साहित्य, फिल्म, रेडियो और टी.वी. में लोकप्रियता के कारण हिंदी धीरे- विभिन्न राज्यों और यहाँ तक कि अन्य देशों में भी संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो रही है। वैसे भी विश्व में सर्वा बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी दूसरे स्थान पर है।

## लिपि

**भाषा को लिखित रूप देने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं। प्रत्येक भ की अपनी एक लिपि होती है।**

जैसे—हिंदी और संस्कृत की लिपि देवनागरी है।

नीचे कुछ भाषाएँ तथा उनकी लिपियाँ दी जा रही हैं, इन्हें पढ़ो एवं समझो–

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| अंग्रेज़ी | रोमन |
| उर्दू-फ़ारसी | फ़ारसी |
| कश्मीरी | शारदा |
| पंजाबी | गुरुमुखी |
| मराठी/नेपाली | देवनागरी |

## व्याकरण

**व्याकरण का अर्थ है—विश्लेषण करना। भाषिक व्यवहार के विश्लेषण के आधार पर भाषा के जो नि बनाए गए, उन्हें व्याकरण कहते हैं तथा किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का बोध कराने वाले शास्त्र को व्याक कहते हैं।**

**व्याकरण किसी भी भाषा के लिए अत्यंत आवश्यक है—**

1. व्याकरण, भाषा को परिमार्जित करके उसे मानक रूप प्रदान करता है।
2. व्याकरण, भाषा को शुद्ध रूप में बोलना और लिखना सिखाता है।
3. उसके अंगों-प्रत्यंगों का बोध करवाता है।
4. शब्दों के अशुद्ध प्रयोग पर कड़ा अनुशासन रखता है।
5. उसे व्यवस्थित करके नियम बनाता है।
6. उसकी प्रयोग-विधि पर विचार करता है।

**व्याकरण के तीन भेद होते हैं—**

1. वर्ण-विचार    2. शब्द-विचार    3. वाक्य-विचार

- **वर्ण-विचार**—वर्ण-विचार में वर्णों की बनावट, उच्चारण, लेखन आदि पर विचार किया जाता है।
- **शब्द-विचार**—शब्द-विचार में शब्दों के विभिन्न भेद, रूप, उत्पत्ति व प्रयोग आदि के विषय पर विचार किया जाता है।
- **वाक्य-विचार**—वाक्य विचार में वाक्य रचना, प्रकार, प्रयोग, विराम-चिह्न आदि के विषय पर विचार किया जाता है।



Scanned with CamScanner

## आइए दोहराएँ (Let's Recall)

Class-8

- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मानव अपनी भावनाओं, विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान करता है।
- भाषा के तीन भेद हैं—मौखिक, लिखित तथा सांकेतिक भाषा।
- व्याकरण, भाषा को शुद्ध रूप में बोलना और लिखना सिखाता है।

## रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

**सोचिए और बताइए—**

(क) भारतीय संविधान ने कितनी भाषाओं को मान्यता प्रदान की है ?

(ख) भारत में कितनी बोलियाँ प्रचलित हैं ?

(ग) लिपि किसे कहते हैं ? किन्हीं तीन लिपियों के नाम भाषा सहित बताओ।

## संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) भाषा किसे कहते हैं तथा भाषा के कितने भेद हैं ?

..................................................................................................

(ख) भाषा और बोली के अंतर को स्पष्ट करो।

..................................................................................................

(ग) व्याकरण सीखने के क्या लाभ हैं ?

..................................................................................................

**2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए—**

| देवनागरी | 1652 | मौखिक भाषा | लिखना | 22 | सांकेतिक भाषा | बोलियाँ | लिखित भाषा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

(क) भाषा के तीन रूप हैं– ..................., ................... और ...................।

(ख) भारतीय संविधान में ................... भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।

(ग) भारत में ................... बोलियाँ प्रचलित हैं।

(घ) संस्कृत ................... लिपि में लिखी जाती है।

(ङ) ब्रज, अवधी, भोजपुरी इत्यादि ................... है।

(च) व्याकरण हमें शुद्ध रूप से बोलना और ................... सिखाता है।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाओ—**

(क) बड़े-बड़े शहरों में बोली जाने वाली भाषा बोली कहलाती है। ☐

(ख) भाषा का रूप मानक होता है। ☐

(ग) भारतीय संविधान में 18 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। ☐

(घ) कश्मीरी भाषा की लिपि शारदा है। ☐

(ङ) व्याकरण, भाषा को परिमार्जित करके उसे मानक रूप प्रदान करता है। ☐



Scanned with CamScanner

4. सही मिलान करो—

| | |
|---|---|
| पंजाबी | देवनागरी |
| कश्मीरी | रोमन |
| उर्दू | शारदा |
| अंग्रेज़ी | फ़ारसी |
| संस्कृत | गुरुमुखी |

5. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ—

(क) संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है ?
(1) 22 ☐ (2) 24 ☐ (3) 25 ☐

(ख) वाक्य-विचार के अंतर्गत किसका अध्ययन किया जाता है ?
(1) शब्दों का ☐ (2) वर्णों का ☐ (3) वाक्यों का ☐

(ग) पद्य साहित्य के अंतर्गत क्या आता है ?
(1) कहानी ☐ (2) छंद ☐ (3) उपन्यास ☐

(घ) हिंदी को राजभाषा का दर्जा कब मिला ?
(1) 14 सितंबर, 1948 ☐ (2) 14 सितंबर, 1949 ☐ (3) 14 अक्तूबर, 1949 ☐

(ङ) लिखित भाषा में विचारों को व्यक्त कैसे कर सकते हैं ?
(1) बोलकर ☐ (2) सुनकर ☐ (3) लिखकर ☐

6. नीचे कुछ भाषाओं के नाम दिए जा रहे हैं, उनके सामने संबंधित राज्यों के नाम लिखो—

| भाषा | राज्य | भाषा | राज्य |
|---|---|---|---|
| असमिया | .................................... | मलयालम | .................................... |
| उर्दू | .................................... | पंजाबी | .................................... |
| उड़िया | .................................... | सिंधी | .................................... |
| डोगरी | .................................... | गुजराती | .................................... |
| तेलुगू | .................................... | कश्मीरी | .................................... |
| बोडो | .................................... | नेपाली | .................................... |
| बंगला | .................................... | कन्नड़ | .................................... |
| मराठी | .................................... | कोंकणी | .................................... |
| मैथिली | .................................... | मणिपुरी | .................................... |
| संथाली | .................................... | हिंदी | .................................... |
| संस्कृत | .................................... | तमिल | .................................... |



Scanned with CamScanner

# M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,**

## Session – 2020-21

**Class-8th**

**विषय – हिन्दी व्याकरण**

---

## पाठ – 1 बोली, लिपि और व्याकरण

1. भाषा वह साधन है जिसके द्‌वारा हम अपने भावों तथा विचारों का आदान प्रदान करते हैं।

2. भाषा के तीन भेद होते हैं

2. 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा 3. सांकेतिक भाषा

3. किसी छोटे क्षेत्र में बोली जाने वाली मौखिक भाषा को बोली कहते हैं।
   जैसे- ब्रज, अवधी, भोजपुरी आदि।
   भारत में 1652 बोलिया प्रचलित हैं।

4. भाषा और बोली में अन्तर-
   (क) भाषा एक विस्तृत क्षेत्र में बोली जाती हैं जबकि बोली का क्षेत्र छोटा होता है।
   (ख) भाषा का रुप मानक होता है, लेकिन बोली का प्रायः नही।
   (ग) मानक भाषा का लिखित रुप होता है, जबकि बोली सामान्यतः मौखिक होती है।
   (घ) भाषा का अपना साहित्य होता है, बोली प्रायः लोक साहित्य में मिलती है।

5. भाषा को लिखित रुप देने के लिए जिन चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं।

6. व्याकरण का अर्थ विश्लेषण करना है।

7. भाषिक व्यवहार के विश्लेषण के आधार के आधार पर भाषा के जो नियम बनाए, गए, उन्हे व्याकरण कहते हैं।

M.K.D PUBLIC SCHOOL

8. व्याकरण के तीन भेद होते हैं।

वर्ण विचार, शब्द विचार, वाक्य विचार।

9. विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिन्दी दूसरे स्थान पर है।

उपरोक्त बिन्दुओं को ध्यानपूर्वक पढिए और नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए-

प्रश्न-1 भाषा किसे कहते हैं तथा भाषा के कितने भेद हैं?

प्रश्न-2 भाषा और बोली में अन्तर स्पष्ट करो?

प्रश्न-3 व्याकरण का अर्थ बताइए एवं उसके भेद बताइए।

प्रश्न-4 लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं तीन लिपियों के नाम भाषा सहित बताओ।

प्रश्न-5 भारत में कितनी बोलियाँ प्रचलित हैं?

प्रश्न-6 भारतीय संविधान ने कितनी भाषाओं को मान्यता प्रदान की है।

M.K.D.PUBLIC SCHOOL